भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1947
गुरुवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के लिए निधि</u>

1947. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित/व्यय की गई है;

(ख) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए कितने मेगावाट ऊर्जा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ग) उक्त उत्पादन से प्रतिवर्ष कुल कितनी मात्रा में विद्युत का वितरण किया जाएगा?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

(क) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत आवंटित निधियों और किए गए व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	आवंटित निधियाँ (संशोधित अनुमान)	व्यय
2020-21	3591.00	3096.73
2021-22	7681.80*	6792.83
2022-23	7033.00	5745.86
2023-24 (नवंबर, 2023 तक)	7848.00	4034.26

*भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (इरेडा) और सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) में इक्विटी के निवेश में 2500 करोड़ रु. की अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराई गई है।

(ख) और (ग): कॉप-26 में माननीय प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित विद्युत क्षमता हासिल करने के लिए कार्य कर रहा है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की "वर्ष 2029-30 के लिए इष्टतम उत्पादन क्षमता मिश्रण पर रिपोर्ट" के अनुसार, उक्त क्षमता से प्रति वर्ष लगभग 1076 बिलियन यूनिट (बीयू) विद्युत का उत्पादन होगा।

*****